आज़ादी का अमृत महोत्सव

# गाँधी रिसर्च फाउण्डेशन

• सत्य • अहिंसा • शांती




प्रायोजक

जैन इरिगेशन सिस्टम्स लि.

छोटे छोटे कदम. आसमाँ छुनेका दम.®

स्वतंत्रता केवल शब्द नहीं है वह जीवन है। रोटी, कपड़ा और मकान के साथ-साथ अगर किसी की जरूरत होती हैं तो वह है स्वतंत्रता। महात्मा गाँधी कहते हैं, “स्वतंत्रता जीवन का श्वास है”। गुलामी की स्थिति नर्क की स्थिति है। इसलिए हमारे कई स्वातंत्र्य सेनानियों ने अपने जीवन की आहूति देकर राष्ट्र को स्वतंत्रता दिलाई।

हमारे देश को आज़ाद करने में हर एक प्रदेश के स्वातंत्र्य सेनानियों ने नींव के पत्थर का काम किया है। आइए, आजादी के अमृत महोत्सव के पर्व पर उन्हें याद कर उनकी अमर शौर्य गाथा के साक्षी बने।

**चलो करें हम उनकी ज्वाला का फिर से आवाहन,**
**उनकी सुधि की ज्योति जलाकर करें उन्हीं का वंदन।**

**नाटिका आपके जिला के स्वातंत्र्य सैनिक, क्रांतिकारी के जीवन की वास्तविक घटना पर आधारित होनी चाहिए।**

**प्रतियोगिता दो गुट में आयोजित की जाएगी।**

- गुट – 1 : कक्षा 5 से 10
- गुट - 2 : कक्षा 11 से पदव्युत्तर व खुला

नि:शुल्क प्रवेश

## पुरस्कार राशि

### गुट – 1: कक्षा 5 से 10

| | | |
|---|---|---|
| प्रथम पुरस्कार | – | ₹ 15000/- |
| द्वितीय पुरस्कार | – | ₹ 11000/- |
| तृतीय पुरस्कार | – | ₹ 7000/- |
| दो प्रोत्साहन पुरस्कार | – | ₹ 5000/- |

### गुट - २ : कक्षा ११वीं से स्नातकोत्तर तथा खुला

| | | |
|---|---|---|
| प्रथम पारितोषिक | – | ₹ 21000/- |
| द्वितीय पारितोषिक | – | ₹ 15000/- |
| तृतीय पारितोषिक | – | ₹ 10000/- |
| दो प्रोत्साहन पुरस्कार | – | ₹ 5000/- |

## महत्वपूर्ण सूचना

- नाटिका का वीडियो भेजने की अंतिम तिथि ३१ जुलाई, २०२२
- चयनित वीडियो को गाँधी तीर्थ के सोशल मीडिया पर अपलोड करने की अंतिम तिथि ५ अगस्त, २०२२
- चयनित वीडियो को लाइक प्राप्त करने की अंतिम तिथि १० अगस्त, २०२२
- विजेता घोषणा की तिथि १५ अगस्त, २०२२ (स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर फाउण्डेशन द्वारा आयोजित ऑनलाइन कार्यक्रम में विजेताओं की घोषणा की जाएगी।)

राष्ट्रीय नाटिका प्रतियोगिता के अंतिम नतीजे फाउण्डेशन की वेबसाइट www.gandhifoundation.net पर १५ अगस्त के बाद देख सकेंगे।

## निर्देशिका

- सबमिशन ऑनलाइन किया जाएगा। तथा सबमिशन निशुल्क है।
- नाटिका मराठी, हिंदी व अंग्रेजी में से कोई भी भाषा में प्रस्तुत कर सकते हैं।
- प्रतियोगिता दो गुट में विभाजित की जाएगी।
  प्रथम गुट – ५ से १०वीं कक्षा प्रतिभागी तथा द्वितीय गुट ११वीं से स्नातकोत्तर व सभी के लिए खुला है
- प्रतियोगिता में समूह में भी हिस्सा ले सकते हैं।
- वीडियो केवल इसी प्रतियोगिता के लिए होना चाहिए, इससे पहले कहीं पर भी प्रस्तुत नहीं किया गया होना चाहिए तथा किसी भी सोशल मीडिया पर इसे शेअर नहीं किया गया होना चाहिए। ऐसा मालूम पड़ने पर आपका पंजीकरण रद्द किया जाएगा।
- नाटिका आपके जिला के स्वातंत्र्य सैनिक, क्रांतिकारी के जीवन की वास्तविक घटना पर आधारित होनी चाहिए। तथा स्क्रीप्ट में संदर्भों का जिक्र अवश्य करें।
- नाटिका कल्पना व अवास्तविक नहीं होनी चाहिए। अधिकृत संदर्भ होना जरूरी हैं।
- नाटिका में किसी भी प्रकार की व्यक्तिगत, जातीय, राजकीय व सामाजिक अवहेलना नहीं होनी चाहिए।
- नाटिका में वेशभूषा, रंगभूषा, संगीत, वाद्य का प्रयोग कर सकते हैं, किंतु उनके लिए अलग गुण नहीं है।
- आपके नाटिका की स्क्रीप्ट, संवाद, पार्श्वसंगीत के कापीराइट की जिम्मेदारी सहभागी की होगी।
- आवश्यकता जान पड़ने पर हम आपकी नाटिका की स्क्रीप्ट मांग सकते हैं
- परीक्षक समूह के 70 प्रतिशत तथा सोशल मीडिया लाइक्स के 30 प्रतिशत के जरिए नाटिका का मूल्यांकन किया जाएगा।
- चयन समिति का निर्णय अंतिम रहेगा तथा इस प्रतियोगिता में किसी भी तरह के परिवर्तन का अधिकार गाँधी रिसर्च फाउण्डेशन का रहेगा।
- प्रतियोगिता में आप हिस्सा ले रहे हैं इसका मतलब यह है कि प्रतियोगिता से संबंधित सभी नियम व शर्तें आपको स्वीकृत है।

## वीडियो बनाने की मार्गदर्शक विधि

वीडियो के आरंभ में अपना या समूह का नाम, स्थल, गुट, विद्यालय (लागू है तो) तथा गाँधी रिसर्च फाउण्डेशन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय नाटिका प्रतियोगिता में ................ शीर्षक पर नाटिका प्रस्तुत कर रहे हैं – ऐसा उल्लेख करना है।

- नाटिका का वीडियो न्यूनतम ५ तथा महत्तम ७ मिनट तक का और 500 एमबी तक का ही होना चाहिए।
- आप मोबाइल या कैमरा तथा अन्य कैमरा से MP4 फॉरमेट में वीडियो बनाना है। वीडियो का रेजोल्यूशन 720p-1080p रेजोल्यूशन का होना चाहिए।
- मोबाइल आड़ा (horizontal) रखकर वीडियो रिकार्ड करें।
- नाटिका को बिना किसी संपादन (without editing) शूट किया जाना चाहिए। नाटिका को एक ही बार में (One take or Single take) शूट किया जाना चाहिए।
- फिल्मांकन के दौरान मोबाइल फोन रखने के लिए स्टैंड, माइक तथा हेडफोन का प्रयोग करने की सिफारिश करते हैं।
- वीडियो उजाले में, अच्छी पृष्ठभूमि में, शांत वातावरण में तथा स्पष्ट आवाज में तैयार किया गया होना चाहिए।

आपके द्वारा बनाया गया वीडियो तैयार होने के बाद छात्र पहचान पत्र / आधार कार्ड / पासपोर्ट साइज फोटो, अभिनय का वीडियो नीचे दिए गए लिंक पर जमा (Submit) करें।
http://www.gandhifoundation.net/GRF_NDC2022

**गाँधी रिसर्च फाउण्डेशन**

• सत्य • अहिंसा • शांती

गाँधी तीर्थ, जैन हिल्स, जलगांव - 425001 (महाराष्ट्र) भारत; संपर्क क्रमांक : 09404955220, 09823362330, 09422775918, 09404955226
कार्यालय : (09.30 - 17.30) - 0257-2260033; 0257-2264803
ई-मेल: info@gandhifoundation.net, skills@gandhifoundation.net; वेबसाईट: www.gandhifoundation.net